(viii) Regarding establishment of Kendriya Vidyalayas in Jaipur Parliamentary Constituency, Rajasthan

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र जयपुर शहर के बगरू विधान सभा क्षेत्र की जनसंख्या करीब 3 लाख है जिसमे पंचायत समिति, नगरपालिका के साथ 31 पंचायते और नगर निगम के 21 वार्ड आते है जिसमें अधिकतर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोग रहते है जिसकी आबादी 2 लाख है। बगरू विधान सभा क्षेत्र में ग्रामीण व शहरी दोनों आबादी निवास करती है बगरू विधानसभा क्षेत्र में अधिकतम मध्यम और निम्न वर्ग के नागरिक निवास करते है, यहां पर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के अभाव में मेधावी छात्र छात्राएं जयपुर आकर पढ़ाई करते है जिसके कारण उन्हें यहां आर्थिक परेशानी एवं मानसिक तनाव से जूझना पड़ता है। इस कारण उन्हें मजबूरन उत्कृष्ट व गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा से वंचित रहना पड़ता है। छात्र छात्राओं को गुणवतापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु बगरू विधानसभा क्षेत्र में दो केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने की नितान्त आवश्यकता है जिसमें एक नगरपालिका और 31 पंचायंते व दूसरा नगर निगम क्षेत्र के 21 वार्ड, ये दोनो स्थान बगरू विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत आते है, पिछले कई वर्षो से यहां पर केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने की मांग स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही है।